# बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज एक्सटेशंन ब्रांच कटरा जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल ने नैनी जेल में महिला बंदियों को ऊनी शॉल व ऊनी कपड़े वितरण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**जिला महिला व्यापार मंडल व के संयुक्त तत्वधान में केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में महिला बंदियों व छोटे बच्चों को अनेको सामान वितरण किए जिसमें महिलाओं के लिए 200 साड़ियां से सहायता कर उन्हें जेल से बाहर निकालने का पूरा प्रयास करेंगे। जिला महिला व्यापार मंडल की महासचिव श्रीमती पल्लवी अरोड़ा ने कहा कि बहुत सारी ऐसी महिलाएं जेल में बंद है, जिनका अपराध बहुत ही छोटा है। उनकी आर्थिक स्थिति जाए।श्रीमती प्रियदर्शनी सिंह ,हेड मिस्ट्रेस बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज एंड गर्ल्स विंग ने 200 शॉल का वितरण किया और भविष्य में भी यह की।महिलाओं की सहायता करने का आश्वासन दिया। जेल की कठिन जीवन को देख कर उनके



बच्चों के लिए गर्म कपड़े स्वेटर, हाईनेक, पजामें वितरित किए। जिसमे जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन कहां कि जिन महिलाओं की पैरवी नहीं हो पा रही है, वह जो महिला आर्थिक अभाव के कारण अपना आर्थिक दंड राशि नहीं जमा कर पा रही हैं। ऐसी महिलाओं को जिला महिला व्यापार मंडल कानूनी रूप अपना अपराध शुल्क देने की नहीं है ,ऐसी महिलाओं के लिए जिला महिला व्यापार मंडल अपना पूरा प्रयास कर उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश करेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती हिना खान ने कहा करता है कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है जो मातृ शक्तियां जेल में बंद है, उनका भी ध्यान रखा जाए ,जो सहायता हो सके ,पूरी की आंख से आसू छलक गए और उनका हृदय भर आया।जिला महिला व्यापार मंडल और श्रीमती प्रियदर्शिनी सिंह ने सीनियर सुप्रीटेंडेंट ऑफ जेल श्री रंग बहादुर पटेल, जेलर श्री ओम प्रकाश , श्रीमती उर्मिला देवी , डेप्युटी जेलर को धन्यवाद दिया और जेल की सफाई और स्वच्छता ,के लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा भी की ।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में एनडीआरएफ/यातायात प्रभारी के द्वारा आपदा प्रबंधन का पूर्वाभ्यास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** माघ मेला प्रयागराज में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से ड्यूटी में आए पुलिसकर्मियों को लगातार मेला क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, आचरण एवं व्यवहार, मेले की भौगोलिक स्थिति सहित विभिन्न विषयों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23:01:2024 को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आपदा जोखिम को कम करने हेतु एनडीआरफ अरैल घाट पर तैनात कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षण के प्रथम कालांश में भूकंप एवं बाढ़ से बचाव के तरीके,गले में फसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटो एवं सांप काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके ,जल संरक्षण तकनीक ,अग्निशामक यंत्र का उपयोग, सचेत ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया । इसी क्रम में द्वितीय कालांश में यातायात उप निरीक्षक अवधेश कुमार यादव के द्वारा प्रमुख मार्गो,महत्वपूर्ण स्थानो,स्नान घाटो, पार्किंगो, पांटून पुलों पर आवागमन के संबंध में यातायात व्यवस्था की सुचारू जानकारी प्रदान की ।




# प्रयागराज महापौर कप हॉकी टूर्नामेंट 2023-24 जो पड़िला हॉकी एकेडमी की बालिकाओं ने विजयश्री प्राप्त किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** पड़िला हॉकी एकेडमी फाफामऊ प्रयागराज के खेल मैदान पर खेलो प्रयागराज महापौर कप



हॉकी टूर्नामेंट 2023-24 जो पड़िला हॉकी एकेडमी की बालिकाओं ने विजयश्री प्राप्त किया, एकेडमी द्वारा बच्चों को सम्मानित करने का आयोजन किया गया था आयोजन की मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, शिक्षिका, समाजसेविका प्रयागराज एवं साथ मे अतिथि श्री अभिषेक श्रीवास्तव, प्रवर अधीक्षक डाकघर प्रयागराज मण्डल रहे, एकेडमी के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देय कर एवं अतिथि को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया मुख्य अतिथि महोदया हाथों द्वारा बच्चों को खेल किट दिया गया एवं सहयोग राशि स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करने हेतु एकेडमी के कोच को दिया. उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहाँ की बच्चों खूब अभ्यास करो खेल किसी को हारने की लिये हॉकी मत सीखो सब से बेहतरीन खिलाडी बनने के लिये अभ्यास करो आप सब से बेहतरीन होगे तो खेल मे हमेशा आप ही जीतोगे, स्पोर्ट्स मैन हमेशा अनुशासन मे रहता है आप लोग भी अनुशासन का पालन करो, खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया, प्रवर अधीक्षक डाकघर महोदय ने सभी को अच्छा खेल खेलने के लिये शुभकामनायें दिया बोले की एसे ही हमेशा हॉकी टूर्नामेंट जीत कर अपने एकेडमी और प्रयागराज का नाम रोशन करो भविष्य मे एकेडमी को हेल्प करने का आश्वासन भी दिया, पड़िला हॉकी एकेडमी के कोच दिनेश कुमार भारतीय द्वारा मुख्य अतिथि एक स्मृति- चिन्ह भेंट किया, एकेडमी के संरक्षक श्री राजेश वर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहाँ की पड़िला हॉकी को शुरआत करें अभी मात्र दो वर्ष ही हुये है और एकेडमी के बच्चे अपनी पहचान हॉकी जगत मे बना रहे है मै उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ. कहते हुये कार्यक्रम मे आये हुये अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया.विजेता खिलाड़ियों के नाम संध्या भारतीय, रांची भारतीय,मानसी सरोज,मुस्कान यादव, श्री तिवारी, अवनि यादव, अन्तिमा, मानसी यादव, चांदनी, वर्तिका यादव, वर्षा यादव, कलश गौतम,संध्या गौतम,पार्वती मिश्रा, लक्ष्मी मिश्रा, राजरानी।








# बाबा नर्वदेश्वर धाम सगरा सुन्दरपुर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा-उमेश द्विवेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**बाबा नर्वदेश्वर धाम मंदिर सगरा सुंदरपुर में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया



गया जिसमें मंदिर प्रांगण में 51 दीपों को प्रज्ज्वलित करके भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को दीप महोत्सव के रूप में मनाया गया। ग्राम प्रधान नीलम जायसवाल के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि इस मंदिर स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिए वह भरपूर कोशिश करेंगे और शासन से विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाले धन से इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे।बता दें कि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की संस्तुति पर इस मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु शासन ने एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृति की है। सभा की अध्यक्षता कर रहे डॉ.राकेश सिंह ने इस मंदिर स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कृत संकल्प जताया।समारोह के शुभारंभ होने पर प्रधान प्रतिनिधि श्यामजी जायसवाल ने मुख्य अतिथि एवं समारोह अध्यक्ष को अंग वस्त्र, रामचरित मानस की प्रति भेंट कर एवं माल्यार्पण करके सम्मानित किया। सगरा सुंदरपुर प्रधान पति रामजी जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षक विधायक एवं समारोह अध्यक्ष का मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु शासन से धन स्वीकृत करवाने हेतु आभार व्यक्त किया। शिक्षक विधायक द्वारा राष्ट्रीय कवि/कहानीकार एवं पत्रकार डॉ. रणजीत सिंह का सारस्वत सम्मान किया गया।कुलदीप शुक्ल सहित कुछ अन्य पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सगरा सुंदरपुर प्रधान नीलम जायसवाल,व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, महामंत्री प्रदीप जायसवाल,कोषा. सर्वेश जायसवाल,उपा0मनोज शुक्ल,पंडित शिव शंकर शुक्ल, समाजसेवी सरदार इंद्रजीत सिंह, कृपा शंकर जायसवाल,रामअंजोर जायसवाल,डा.राजकुमारतिवारी,उदय राज तिवारी,राम रक्षा तिवारी,राम सूरत तिवारी,देवेश त्रिपाठी,अरुण तिवारी, अजय अग्रहरि,गोविंद मोदनवाल, प्रहलाद मोदनवाल,सुरेंद्र विश्वकर्मा,रवि जायसवाल,राजू जायसवाल,भूपेंद्रमणि पटेल,रवि सरोज,संदीप शुक्ल,मनोज जायसवाल,मानिक चन्द्र जायसवाल,विनय शुक्ल,अंकित शुक्ल,संतोष जयसवाल प्रधान प्रतिनिधि कोठार मंगोलपुर आदि लोग उपस्थित रहे।









# सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयन्ती के अवसर पर सुभाष चन्द्र बोस चौराहा सिविल लाइन में मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता का संदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता की दिलायी शपथ जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतो एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु किया प्रेरित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयन्ती के शुभ अवसर पर सड़क सुरक्षा माह व स्वीप कार्यक्रम (मतदाता जागरूकता) के अन्तर्गत आज दिनांक 23.01.2024 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौराहा सिविल लाइन पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मानव श्रंखला में सड़क सुरक्षा व स्वीप कार्यक्रम के समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों, एन0जी0ओ0, स्वंयसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0 एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं, विभिन्न पदाधिकारियों/कार्मिकों एवं प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सड़क सुरक्षा माह व स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा सुभाष चौराहा, सिविल लाइन एवं सुभाष चौराहा से चारो दिशाओं को जाने वाले मार्ग यथा-सुभाष चौराहा से पत्थर गिरजा चौराहा, सुभाष चौराहा से सिविल लाइन बस अड्डा चौराहा, सुभाष चौराहा से पी0वी0आर0, रोबोट चौराहा, सुभाष चौराहा से डी0आर0एम0 आफिस जाने वाले मार्गों पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रंखला बनायी गयी। जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल द्वारा सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं समस्त उपस्थित प्रतिभागियों तथा विभागीय



अधिकारियों/कार्मिकों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतो/यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आयोजित इस मानव श्रृंखला के द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों का पालन स्वयं करने व अन्य लोगो को करने हेतु जागरूक किए जाने व इसके प्रचार-प्रसार के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों यथा-वाहन चलाते समय गलत दिशा में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि बिन्दुओं पर शपथ दिलायी। तत्पश्चात जिलाधिकरी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को मतदाता जागरूकता सम्बंधी भी शपथ दिलायी एवं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम लोग "मतदाता जागरूकता" की शपथ ले और आने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे जो सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिक है, उन्होंने अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वा लिया होगा। यदि किसी कारणवश अभी तक आपका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ पाया है, तो अवश्य जुड़वा लें और आने वाले आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व अन्य चुनावों में राष्ट्र की मजबूती को बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़ कर मतदान अवश्य करें। उक्त कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटना के गत वर्ष के आंकड़ों से अवगत कराते हुए दुर्घटना के फलस्वरूप होने वाली जन/धन हानि से सचेत किया गया तथा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उददेश्य से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटना में लगभग 1.63 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पी0एन0 सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी महोदय के द्वारा सड़क सुरक्षा व भारत देश एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता सम्बंधी जो शपथ दिलायी गयी है, उसका समस्त नागरिकगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं के द्वारा उसका अक्षरशः पालन किया जायेगा। कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ फोटो खिंचवाई एवं उन्हें आटोग्राफ भी दिए। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्री संजीव गुप्ता-सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्री राजीव चतुर्वेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), टीआई श्री अमित कुमार, पवन कुमार, मनोज, श्री वी0एस0 यादव के साथ-साथ विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में बेटियों के लिए वरदान साबित हुई कन्या सुमंगला योजना, कैंप के माध्यम से किया जा रहा आवेदन- सुधांशु शेखर शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को बभनी ब्लाक के सभागार कक्ष मे खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मद तारिक़ के अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री जनपद स्तर पर सम्बंधित विभागों एवं खण्ड विकस अधिकारीगण के सहयोग तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से आम जनमानस को कैम्प आयोजन के बारे में सूचित किया गया था जिसके फलस्वरूप लक्ष्य मे बढ़ोत्तरी हुई है। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर



कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत पात्र अधिक से अधिक बालिकाओं को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने तक योजनाओ से लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से कैम्प का आयोजन किया गया। साधना मिश्रा द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना अन्तर्गत बभनी ब्लाक मे कुल 56 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसे तत्काल मौकेपर पर ही पंजीकृत किया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि ब्लाक चोपन मे 22, कोन मे 7 दुध्दी मे 20 म्योरपुर मे 25 कैम्प के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसे तत्काल मौकेपर ही पंजीकृत किया गया साथ ही यह भी बताया गया शासन के दिशा-निर्देश के क्रम में डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि दिनांक- 24-1-2024 को ब्लाक रावर्टसगंज, घोरावल, कर्मा, चतरा, नगवा के सभागार कक्ष मे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना एवं स्पान्सरशीप योजनान्तर्गत कैम्प का आयोजन किया जायेगा आयोजित कैम्प मे जिला मिशन कोऑर्डिनेटर नीतू यति सिंह,संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक,जेंडर स्पेस्लिस्ट साधना मिश्रा,सीमा द्विवेदी,सुधीर कुमार शर्मा, विपिन कुमार कनौजिया,शेषमणि दुबे,बाबु अहमद,आकांक्षा पाण्डेय, नीलू यादव बजरंग सिंह, धर्मवीर, सुधा गिरी, सीमा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नवमतदाता सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर दिया जोर, विशाल पाण्डेय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित दिनांक- 25 जनवरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वार्ता करेंगे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री




को होने वाले नव मतदाता सम्मेलन को लेकर प्रेस कान्फ्रेंस किया गया जिसमे मुख्यअतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रभूषण सिंह कुशवाहा व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय ने प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से आगामी 25 जनवरी को नवमतदाता सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर जानकारी दिया। जनपद के विभिन्न स्थानों पर 9 कार्यक्रम स्थल चयन किया गया है। जिसमे नव मतदाताओं से विडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से देश के यशस्वी नरेन्द्र मोदी जी को आगामी लोकसभा चुनाव मे एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। देश मे पुनः 2024 मे नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनेगी। और नवमतदाता सम्मेलन लोकसभा चुनाव से पहले प्रचण्ड सरकार बनाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा व प्रथम बार मतदान कर रहे नवमतदाताओं से आग्रह है कि अपना अमूल्य मत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को देकर देश प्रधानमंत्री बनाये।

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में 23 जनवरी मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के महानायक सुभाष चंद्र प्रेम के साथ राष्ट्रभक्ति के मिशाल थे, बचपन में यह जितने साहसी थे उतने उदार भी थे ।विद्यालय के मुख्य कार्य अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने कहां सुभाष चंद्र बोस ने



बोस की जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन मुख्य कार्य अधिकारी संतोष कुमार पांडे प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने नेताजी के सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन ने अग्रणी भूमिका निभाए थे, जिसे कभी भी भूला नहीं जा सकता है, उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से सीख लेने के लिए कहा नेताजी देश के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिये ,साहस के साथ समाज सेवा, देश नेतृत्व की कमाल की शक्ति थी, बड़े-बड़े सुरमा उनसे परास्त हो जाते थे ,उन्होंने अंग्रेजों को नाको तले चना चबाने का काम बखूबी किया ।जीवन की जटिलताओं को सरल बनाने का साहस सुभाष चंद्र बोस में दिखाई देता था। उन्होंने लोगों के बीच प्रसिद्ध नारा दिया कि 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ',रास बिहारी बोस और अन्य सहयोगी के सहयोग से युवाओं का आजाद हिंद फौज संगठित कर अंग्रेजों के सूरज को अस्त करने की राह दिखाई ,इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# साई हॉस्पिटल में छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** एन.एच.एम यूपी भर्ती में साई हॉस्पिटल एंड स्कूल आफ नर्सिंग सजौर, रॉबर्ट्सगंज, व ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की सीख देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना व आशीर्वाद दीया ।साथ ही कॉलेज के प्रिंसिपल



सोनभद के ए.एन.एम तथा जी.एन.एम के 15 छात्र-छात्राओं ने चयनित होकर परचम लहराया मंगलवार को साई हॉस्पिटल एंड स्कूल आफ नर्सिंग के डायरेक्टर डॉ0 अनुपमा सिंह के द्वारा एन.एच. एम. में चयनित हुए बच्चों को बधाई पुरस्कार देकर सम्मानित किया और भविष्य में उन्हें सच्चाई एंजेलिन बेट्टी के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकगढ़ शिवाकांत शर्मा, विकास चतुर्वेदी, विनय पांडे, रागिनी श्रीवास्तव, अवनीश पांडे, स्टाफ अहमद राजा, आशुतोष कुमार मिश्रा, के पी शर्मा तथा कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।



# घंटाघर के सौंदर्यीकरण के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज नगर पालिका परिषद के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कराने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ घंटाघर पहुँचकर निरीक्षण किया। घंटाघर के टाउन हाल में साफ सफाई क राने के साथ ही प्रत्येक गेट पर टूटे हुये पत्थरो के मरम्मत तथा बागवानी कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि इस ऐतिहासिक इमारत के मरम्त के लिये प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत कि या जाय ताकि इसका संरक्षण किया जा सकें। घंटाघर के आस पास के अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह दिनांक 24 को पटेहरा व 27 जनवरी को हलिया में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर 23 जनवरी 2024- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आगामी 24 जनवरी 2024 को पटेहरा विकास खण्ड के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के खेल मैदान पटेहरा कला मीरजापुर में विकास खण्ड पटेहरा, राजगढ़, नरायनपुर, जमालपुर, सीखड़, पहाड़ी, सिटी, कोन, मझवा, नगर पालिका परिषद मीरजापुर, चुनार, अहरौरा एवं नगर पंचायत कछवॉ के जोड़ो के विवाह दोपहर 02 बजे से होना सुनिश्चित है। इसके अतिरिक्त दिनांक 27 जनवरी 2024 दिन शनिवार को दोपहर दो बजे से पंचशील महाविद्यालय मवई कला हलिया मीरजापुर प्रांगण में विकास खण्ड हलिया, लालगंज एवं छानबे के जोड़ो के विवाह का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया हैं।

# सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर वक्ताओं ने डाला जीवन पर प्रकाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**माता अन्नपूर्णा देवी सेवा संस्थान ऊंचडीह में आयोजित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ सत्ताईस वीं जयंती पर विचार



गोष्ठी कवि गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश तिवारी के आवास पर आयोजित किया गया जिसमें गरीबों को पचास कंबल का वितरण ग्राम प्रधान अर्चना तिवारी के द्वारा किया गया। अध्यक्षता समाजसेवी शिक्षक थे, एन, तिवारी संचालन शिशु तिवारी ने किया।इस अवसर पर राहुल श्रीवास्तव विजय शंकर चतुर्वेदी राजेश द्विवेदी राकेश शरण मिस्र ने अपने ओजस्वी वाणी से अतुल नीय स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तपस्या साधना को रेखांकित किया और सारगर्भित वक्तव्य दिया। दिवाकर मेघ अशोक तिवारी एड ने अपनी कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रद्युम्न तिवारी एड ने फिर से हमें सुभाष चाहिए अंधकार का नाश चाहिए, मरघट में जो प्राण फूंक दे, ऐसा एहसासात चाहिए।इस अवसर पर जाड़ में सैकड़ों लोग देर शाम तक जमे रहे राजीव तिवारी अनुपम व पूरा परिवार तथा पंचायत प्रतिनिधियों का उल्लेख नीर योगदान रहा।इस दौरान कौशल्या चौहान की रचना मुझको अबला मत समझो मैं झांसी वाली रानी हूं काफी सराही गई।सभीं कवियों वह अतिथियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया।

# हत्या के दोषी प्रमोद यादव को 10 वर्ष की कैद 76 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** तीन वर्ष पूर्व हुए श्री यादव हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रमोद यादव को 10 वर्ष की कैद व 76 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं तीन अन्य दोषियों को दो - दो वर्ष की कैद एवं 6-6 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर तीन -तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक श्यामू यादव पुत्र स्वर्गीय श्री यादव निवासी निपराज, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने एक दिसंबर 2020 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि दोपहर दो बजे भैंस चराने उसकी चाची सुशीला अपने बेटे चंद्रबली के साथ मिल की तरफ जा रही थी। तभी उनका लड़का प्रमोद यादव के खलिहान में चला गया। इसी बात को लेकर प्रमोद यादव नाराज हो गया और गाली देने लगा। उस समय घर पर वह मौजूद नहीं था। जब शाम को पिता जी घर आए तो उसकी चाची ने सारी बात बताई। पिता जी ने कहा कि सुबह बात करेंगे। करीब साढ़े नौ बजे रात को गांव के प्रमोद यादव, बद्री यादव , हीरा यादव और राजू यादव लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आ गए। आते ही गाली देते हुए मारने लगे। प्रमोद यादव ने उसके पिता को बेरहमी से मारपीट दिया। जिनके सिर में गंभीर चोट आई। दवा इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लाश जिला अस्पताल में पड़ी है। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रमोद यादव को 10 वर्ष की कैद व 76 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं तीन दोषियों बद्री यादव, हीरा यादव और राजू यादव को दो दो वर्ष की कैद और 6 - 6 हजार की कैद। अर्थदंड न देने पर तीन तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष पद पर श्याम बिहारी यादव एड व महामत्री मो सलीम कुरैशी निर्वाचित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** बुधवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वार्षिक चुनाव में पीमुख्य चुनाव अधिकारी हीरालाल पटेल एडवोकेट एवम् उप मुख्य चुनाव अधिकारी धनंजय कुमार मौर्य एडवोकेट की देखरेख में सम्पनन्‍ हुई मतगणना के समय एल्डर कमेटी के चेयरमैन अशोक कुमार जालान एड उपस्थित रहे ! सहायक चुनाव अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अध्यक्ष पद पर श्याम बिहारी यादव एड ने जीत दर्ज की है। कुल 251 मत में 118 पाकर उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अंशुमान सिंह एड को 85 मतों से हराया। महामंत्री सलीम कुरैशी एड को 127 मत एवम् राजेंद्र कुमार यादव एड को 122 मिला इस तरह मो सलीम कुरैशी एड 05 मत से जीत दर्ज० की, कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार सिंह एड को 114 मत एवम् विरेंद्र कुमार राव एड को




112 मत मिला इस तरह कमलेश कुमार सिंह ने 20 मतों से जीत दर्ज किया ! इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 अतुल प्रताप सिंह एड, उपाध्यक्ष (10 वर्ष से अधिक) गंगेश्वर प्रसाद सिंह एड और संजय कुमार गोयल एड, उपाध्यक्ष (10 वर्ष से नीचे) अनिल कुमार एड व हरिद्वार एड, सचिव प्रशासन द्वारिका नाथ नागर एड सचिव प्रशासन अनुपम सिंह एड व सचिन पुस्तकालय संतोष कुमार पांडेय एड, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर श्री हरि प्रसाद यादव एड, राजेश कुमार यादव एड, रमेश चंद्र सिंह एड, सरिता गिरी एड, विजय बहादुर सिंह एड एवं चतुर्भुज शर्मा कार्यकारी सदस्य 15 वर्ष से नीचे अनूप कुमार शुक्ला एड, राम प्रकाश सिंह एड, रियाजुद्दीन एड, सुमन एड, संजय कुमार एड एवं संदीप कुमार एड निर्विरोध निर्वाचित हुए। बार चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ था। इसमें 376 मत में से 251वोट पड़े थे, जबकि इससे पूर्व 22 जनवरी को 2 अधिवक्ताओं ने टेंडर वोट दिया था।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** शक्तिनगर/सोनभद्र :-डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गयात्



सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में कक्षा 11 वीं की छात्रा दृष्टि मौर्या ने मतदान शपथ पढ़कर सभी को मतदान शपथ दिलाते हुए मतदान के अधिकार एवं कर्तव्य का बोध कराया । इतिहास शिक्षक अनिल कुमार ने लोकतंत्र, मतदाता एवं मतदान के विषय में लोगों को भली भाँति अवगत कराया उन्होंने बताया कि विश्व के कई ऐसे देश जिन्होंने सर्वप्रथम पुरुष वर्ग को मतदान का अधिकार प्रदान किया तदुपरांत महिलाओं के लंबे संघर्ष के बाद वहां की महिलाओं को मतदान का अधिकार प्रदान किया गया लेकिन भारत विश्व का एक ऐसा लोकतांत्रिक देश है जिसने एक साथ महिला पुरुष को मतदान का अधिकार प्रदान कर अपनी सूझबूझ एवं गौरव का परिचय दियाले विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी ने अपने संबोधन में बताया कि सभी को अपने मतदान के महत्व को समझना चाहिए त्एक सही दिशा में किया गया मतदान जहां सक्रिय भूमिका निभाता है वही बिना समझे बूझे किया गया मतदान विकास में अवरोध बन जाता हैत् साथ ही साथ उन्होंने सभी से निवेदन किया कि छोटे-बड़े सभी मतदान के अवसरों पर सभी मतदाता घरों से बाहर निकल कर आए और उचित व्यक्तित्व का चयन कर मतदान प्रक्रिया को सफल बनाएंत् इस अवसर पर छात्रों की एक रैली भी निकाली गई त्जिसका शुभारंभ प्राचार्या महोदया ने स्वयं कर सभी को दिशा निर्देशित किया त्इस रैली के माध्यम से जहां कॉलोनी परिसर में सभी को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया वहीं ( भारत भाग्य विधाता हूं, अब तो मैं मतदाता हूं) (प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं) नारों से वातावरण गुंजायमान हुआ त्तदुपरान्त महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए सदैव तत्पर संजीवनी महिला समिति खडिया परियोजना की अध्यक्षता श्रीमती पूनम झा एवं उनके सहकमिर्यों ने विद्यालय को एक बुक सेल्फ उपहार में प्रदान कर शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग प्रदान कर विद्यालय विकास मे अपनी सक्रिय भूमिका निभाई ।





प्रो0 रामगोविन्द कुशवाहा
मे0 कृषक सेवा केन्द्र
भारत पट्रोल पम्प के पास
पन्नूगंज रोड राबर्ट्सगंज
सोनभद्र 231216
Email: girish3382@gmail.com

आप सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनांए

# कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

Azadi Ka Amrit Mahotsav



मा0 प्रधानमंत्री जी



मा0 मुख्यमंत्रा जी



मा0 नगर विकास मंत्री जी

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## समस्त नगर वासियों से नगर पंचायत डाला बाजार निम्न अपेक्षायें करती है--

1. यह नगर आपका है, हमे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाए रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबन्धित पॉलीथीन/ सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करे।
3. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुचायें। ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
4. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखें। खुले में शौच न करें। अपने घरों में शौचालय बनवायें। शौचालय की पाईप लाईन सीधे नालियों में न जोडे। कूडा उठाने के बाद सडकों पर कुडा न फेके।
5. सार्वजनिक भूमि, सडकों, पटरियों एवं नालियों आदि पर आतिक्रमण न करें।
6. जल ही जीवन है, व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें।
7. नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग कर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें।
8. अपने पालतु ( गाय, बैल, भैस व अन्य ) जानवरों को सडक पर खुला ना छोडे।

यह नगर आपका है। इसे सुन्दर एवं स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।



फूलवन्ती कुमारी
अध्यक्ष
नगर पंचायत डाला बाजार सोनभद्र

## भारतीय टीम ने खोज लिया विराट कोहली का विकल्प, आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में जड़ चुका है विस्फोटक शतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 25 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर पांच मैचों की सीरीज खेलने जा रही है। इस बीच रजत पाटीदार को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में रजत पाटीदार टीम ए का हिस्सा थे। पाटीदार ने मंगलवार को बीसीसीआई के नमन पुरस्कार में हिस्सा लिया। पाटीदार ने दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू



दी गई है।भारतीय टीम 25 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर पांच मैचों की सीरीज खेलने जा रही है। खिलाड़ी को कोहली के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। इस बीच रजत पाटीदार को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह दी गई है। पाटीदार को शामिल करने का मतलब चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को नजरअंदाज करना है।30 साल के मध्य प्रदेश के बल्लेबाज को विराट कोहली की गैरमौजूदगी में टीम में जगह दी गई है। दरअसल विराट कोहली ने निजी कारणों के कारण पहले दो टेस्ट से अपना नाम वापस ले लिया है। इन दिनों पाटीदार शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 151 रन बनाए थे।पाटीदार ने लायंस के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में भी 111 रन बनाए थे। हाल ही में दक्षिण किया।इस दौरान उन्होंने पारी का आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ वह मिडिल ऑर्डर में खेलते हुए नजर आएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पाटीदार को शामिल करने का मतलब चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को नजरअंदाज करना हैहालांकि पुजारा ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में अपना जबरदस्त फॉर्म दिखाया है। इसके अलावा सरफराज खान को भी टीम में जगह नहीं दी गई है। आज ही रिंकू सिंह को भी टीम इंडिया ए में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मल्टी-डे मैच के लिए शामिल किया गया है। इस दौरान उन्होंने पारी का आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ वह मिडिल ऑर्डर में खेलते हुए नजर आएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पाटीदार को शामिल करने का मतलब चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को नजरअंदाज करना है।

## 12 छक्के, 10 चौकेष्ठ इस धाकड़ बैटर ने बल्ले से मचाया धमाल; ठोक डाला बिग बैश इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में इस वक्त बिग बैश लीग की धूम मची हुई है। दुनियाभर के कई सितारे इस लीग में अपनी चमक बिखेर रहे हैं। हाल ही में ब्रिस्बेन हीट बनाम एडिलेट स्ट्राइकर्स के बीच आज यानी 22 जनवरी को चैलेंजर्स मुकाबला खेला जा रहा है।बिग बैश लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व क्रिकेटर क्रेग सीमंस ने जड़ा था। उन्होंने 39 गेंदों का सामना करते हुए तूफानी शतक जमाया था। वहीं हाल ही में ब्रिस्टेन हीट की तरफ से खेलते हुए जोश ब्राउन ने बिग बैश लीग के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ दिया हइस मैच में ब्रिस्बेन हीट की तरफ से खेलते हुए 30 साल के बैटर जोश ब्राउन का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 41 गेंदों का सामना करते हुए तूफानी शतक ठोक डाला। यह बीबीएल के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जमाया। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी कर ली।



## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे केएल राहुल दो विकेटकीपर को टीम में मिली जगह, ध्रुव जुरैलकरेंगे डेब्यू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे केएल राहुल राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि केएल राहुल इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे और विकेटकीपर की भूमिका के लिए केएस भरत और सेलेक्शन किया गया है।दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में केएल राहुल ने विकेटकीपिंग की थी। द्रविड़ ने कहा कि अपने चयन को लेकर स्पष्ट हैं। हमने दो अन्य विकेटकीपर को चुना है और बेशक राहुल ने दक्षिण अफ्रीका में हमारे



ध्रुव जुरैल के बीच प्रतिस्पर्धा हैसीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे केएल राहुल राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि केएल राहुल इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे और विकेटकीपर की भूमिका के लिए केएस भरत और ध्रुव जुरैल के बीच प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में केएल राहुल ने विकेटकीपिंग की थी। पांच टेस्ट मैच को देखते हुए दो अन्य विकेटकीपर का लिए शानदार काम किया था और सीरीज ड्रा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पांच टेस्ट मैच को देखते हुए और इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर चयन दो अन्य विकेटकीपर के बीच होगा। अगर बात करें भरत या जुरैल की तो भरत की अंतिम एकादश मे खेलने की संभावना ज्यादा है। जुरैल को पहली बार टीम में चुना गया है और उनके पास अनुभव की कमी है, इसलिए भरत ही विकेटकीपिंग करेंगे।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया टीम का एलान,पैट कमिंसे नहीं करेंगे कप्तानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। इन में खेला जाएगा। टी20 के लिए एक बार फिर मिचेल मार्श को टीम का कप्तान चुना गया है। पैट कमिंस मिचेल स्टार्क और स्टीव स्मिथ को सीरीज में आराम दिया गया



दिनों ऑस्ट्रेलिया कैरेबियाई टीम के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहा है।ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच हॉबर्ट में खेला जाएगा। दूसरा मैच एडिलेड और तीसरा मैच पर्थ है।इसके बाद दोनों के बीच तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच हॉबर्ट में खेला जाएगा। दूसरा मैच एडिलेड और तीसरा मैच पर्थ में खेला जाएगा। ऐसे में टी20 के लिए एक बार फिर मिचेल मार्श को टीम का कप्तान चुना गया है।

## हम परिस्थितियों के अनुसार खेलेंगे, हेड कोच राहुल द्रविड़ ने सीरीज के आगाज से पहले 'बैजबॉल शैली' पर दिया बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारतीय कोच द्रविड़ ने कहा कि इंग्लैंड की 'बैजबाल' शैली के जवाब में हमारे बल्लेबाज अति आक्रामक रवैया नहीं अपनाएंगे। हम परिस्थितियों के अनुसार खेलेंगे। हमारी बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष छह सात बल्लेबाज में ज्यादातर ऐसे है, जिनका खेल नैसर्गिक रूप से सकारात्मक खेल है।भारतीय कोच द्रविड़ ने कहा कि इंग्लैंड की बैजबाल शैली के जवाब में हमारे बल्लेबाज अति आक्रामक रवैया नहीं अपनाएंगे। हम परिस्थितियों के अनुसार खेलेंगे। 174 टेस्ट में जीत और 177 टेस्ट में हार के साथ भारतीय टीम इस सीरीज में उतरेगी। भारतीय स्पिनर इंग्लिश टीम के बड़ी चुनौती होगें और टीम की परीक्षा भी लेंगे। साथ ही टर्न पिच पिछली सीरीज में अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बनी थाऐसे में हम कुछ बदलाव करने से बचना चाहेंगे। मैं हालांकि अपने बल्लेबाजों से अति रक्षात्मक खेल की उम्मीद नहीं कर रहा हूं।अगर दोनों के बीच हेड टू हेड मुकाबलों की बात करें तो 174 टेस्ट में जीत और 177 टेस्ट में हार के साथ भारतीय टीम इस सीरीज में उतरेगी। अगर भारत ये सीरीज 4-0 या 5-0 से जीतने में सफल रहता है तो 92 वर्षों के टेस्ट इतिहास में उसके नाम पहली बार हार से ज्यादा जीत हो जाएंगी।11 विकेट लेने के साथ ही जेम्स एंडरसन भारत के विरुद्ध 150 टेस्ट विकेट भी पूरे कर लेंगे। अगर वह 23 विकेट ले लेते हैं तो वह 1000 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे।




## राशीफल




**मेष-:**इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

**वृष-:**इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

**मिथुन-:**मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

**कर्क-:**सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

**सिंह-:**सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

**कन्या-:**इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

**तुला-:**नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों


**वृश्चिक-:**इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से

**धनु-:**नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

**मकर-:**परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

**कुंभ-:**मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर

**मीन-:**पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।



स्वच्छ सर्वेक्षण | आज़ादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ भारत | G20







पत्रांकः /न0पं0ओ0/विज्ञा0/2023-24 दिनांक 26/01/2024

नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफ से समस्त नगरवासियों को 26 जनवरी 2024 75 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

नगर पालिका परिषद सोनभद्र की ओर से नगर वासियों से निम्न अपेक्षायों करती है-

1. यह नगर आपका है, इसे साफ-सुथरो स्वच्छ बनायें रखने में नगर पालिका परिषद सोनभद्र का अपना सहयोग करें।
2. प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दे। दैनिक प्रयोग से पॉलिथीन को दूर हटयें, पॉलिथीन की जगह कपडे के थैले को अपनायें। व्यापारी अपनी दुकानों एवं पतिष्ठानों पर पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
3. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें।
4. खुले मे पेशाब व शौच कदापि न करे।
5. सार्वजनिक भूमि, सडकों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
6. नगर पालिका द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों में अपना सहयोग करे।
7. अपने पालतू जानवरों (गाय व अन्य) को सडक पर खुला न छोडे।
8. निकाय के सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने दुकान/प्रतिष्ठान से निकला कूड़ा बाहर न फेके, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु सफाई कर्मियों द्वारा घरों से सुखे कूडे को अलग करके देने मे अपना सहयोग करे।
9. कूडे को नालियों व रास्ते मे न फेके और न ही उसे जलायें, कूडे को अपने नजदीकी कूडेदान में ही डाले।
10. स्वच्छता एप का प्रयोग करे, नगर को स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करे।
11. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करे।
12. वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपना सक्रिय योगदान कर अपने निकाय को प्रथम स्थान दिलाने में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करे।
13. खुले में न सोयें रात्रि विश्राम हेतु नगर में पुलिस चौकी के पास, रोडवेज बस स्टैण्ड कैम्पस, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पाताल लोढी में निःशुल्क आश्रय गृह/रैन बसेरा की व्यवस्था की गयी है।
14. नगर पालिका परिषद सोनभद्र से सम्बन्धित शिकायतों हेतु हेल्प लाइन नम्बर- 1533 (टोल,फ्री) पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करायें।

यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ,सुन्दर, कूडा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।



विजय कुमार यादव
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सोनभद्र

समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद सोनभद्र

रुबी प्रसाद
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सोनभद्र


कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद सोनभद्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सोनभद्र

(रुबी प्रसाद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सोनभद्र

कार्यालय नगर पंचायत, ओबरा-सोनभद्र

पत्रांकः /न0पं0ओ0/विज्ञा0/2023-24 दिनांक 26/01/2024

26 जनवरी, 2024 75वॉ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत ओबरा-सोनभद्र नगरवासियो को हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है तथा नगर वासियो से निम्न अपेक्षाये करती है-

1. प्रतिबन्धित प्लास्टिक का पयोग कदापि न करे और न किसी को करने दे।
2. कूडे को नालियो और रास्तो मे न फेंके और न ही जलायें ।
3. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक करने में सहयोग करें।
4. डोर-टू डोर कूडा कलेक्शन हेतु निकाय द्वारा संचालित वाहन में ही अपने धरों का कूडा दें।
5. अपने पालतु जानवरों (गाय व अन्य) को सडक पर खुला ना छोडे।
6. सार्वजनिक भूमि सडको पटरियो एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करे।
7. जल ही जीवन है। व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें।
8. स्वछ सर्वेक्षण- 2023 में सिटिजन फीडबैक में अपना सक्रिय योगदान दे।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण कार्यालय में समय से अवश्य करा लें।
10. गृह-कर, जल-कर, कार्यालय में समय से जमा करें।

यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर, कुडा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदुषण मुक्त बनाये रखने मे नगर पंचायत का सहयोग करे।

प्रभारी अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ओबरा
सोनभद्र

समस्त सम्मानित सभासदगण
नगर पंचायत ओबरा
सोनभद्र

(चॉदनी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत ओबरा
सोनभद्र

# सम्पादकीय

## भारत के पर्याय हैं राम

जहां दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से लेकर नगरों, महानगरों और राजधानियों तक फैले छोटे-बड़े असंख्य मंदिरों में प्रतिष्ठित-पूजित राम प्रतिमाएं उनके नारायणत्व ईश्वरत्व की साक्षी देती है, वहीं विश्व की विविध भाषाओं में रचित रामकथा परक साहित्य की अगणित प्राचीन, अर्वाचीन और नवीन कृतियां उनके ईश्वरत्व के साथ नरत्व का प्रेरक प्रत्याख्यान करती हैं।इस भारत वसुन्धरा पर सहस्रों वर्ष पूर्व आदिकवि वाल्मीकि ने 'रामायण' में राम को मानवीय भावभूमि पर प्रतिष्ठित कर विश्वसाहित्य में एक अविस्मरणीय चरित्र की अद्भुत सृष्टि की। यह चरित्र-सृष्टि इतनी मोहक, आकर्षक और प्रेरक थी कि परवर्ती साहित्य में पुनः-पुनः प्रकट होकर, यत्किंचित अंतर युक्त होकर भी समाज को प्रभावित करती रही, लुभाती रही। विक्रम संवत् 1631 में गोस्वामी तुलसीदास ने अब से 450 वर्ष पूर्व आदिकवि की मानवीय चरित्र-सृष्टि को पौराणिक अवतारवादी धरातल पर विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित कर रामकथा को नया आयाम प्रदान किया।राम के महामानव आदर्श के अंकन ने समाज को उनके आचरण का अनुकरण करने की शुभ प्रदायिनी प्रेरणा दी तो गोस्वामी तुलसीदास के नरलीला परक अवतारवाद ने इस्लामिक सत्ता की विस्तारवादी क्रूरता के विरूद्ध संघर्ष करने का साहस, शौर्य्य और आस्थापुष्ट संबल दिया। 'रामायण' और रामचरितमानस' में अंकित राम के ये दोनों ही- मानवीय और नारायणीय रूप लोक जीवन में दूर तक स्वीकृत और समादृत हैं। राम दोनों ही रूपों में आज व्याख्येय



हैं।जहां दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से लेकर नगरों, महानगरों और राजधानियों तक फैले छोटे-बड़े असंख्य मंदिरों में प्रतिष्ठित-पूजित राम प्रतिमाएं उनके नारायणत्व ईश्वरत्व की साक्षी देती है, वहीं विश्व की विविध भाषाओं में रचित रामकथा परक साहित्य की अगणित प्राचीन, अर्वाचीन और नवीन कृतियां उनके ईश्वरत्व के साथ नरत्व का प्रेरक प्रत्याख्यान करती हैं।'रामराज्य' सुशासन का प्रतीक-पर्याय बनकर भारतवर्ष में सर्वत्र स्वीकृत हुआ है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि से लेकर महात्मागाँधी तक रामराज्य की अवधारणा निरंतर हमारी संस्कृति का आदर्श मानक रही है और आज भी है किन्तु रामराज्य के लिए जिस राजनीतिक व्यक्तित्व विकास एवं पारिस्थितिक परिवेश परिवर्तन की प्रक्रिया अपेक्षित है, उसकी ओर हमारा ध्यान नहीं जाता। व्यक्ति में 'रामत्व' की प्रतिष्ठा किए बिना और समाज-उपवन के कष्ट कंटकों का समूल उच्छेदन किए बिना रामराज्य का पुनर्संस्थापन कैसे संभव हैजब तक कोई साधन विहीन राम अपने पुरुषार्थ, साहस, शौर्य्य और संगठन-कौशल के बल पर उत्पीड़क राक्षसी मानसिकता का सर्वनाश नहीं कर देता तब तक समाज में रामराज्य कैसे आ सकता है? रामराज्य की स्थापना के लिए राम की आवश्यकता है और राम की रामत्व की प्राप्ति के निमित्त व्यक्तित्व विकास एवं चरित निर्माण की उस लम्बी साधना-सुलभ प्रक्रिया की आवश्यकता है जो साधारण मनुष्य में देवत्व का, व्यक्ति के व्यक्तित्व में 'रामत्व' का सचेत सन्निधान करती है।कोई व्यक्ति एक दिन में राम नहीं बन सकता। रामत्व प्राप्त नहीं कर सकता। राम में रामत्व का विकास उनके वात्सल्य-प्रेम पुष्ट बाल्यकाल से प्रौढ़ावस्था तक के सुदीर्घ अनुभव, शास्त्रज्ञान एवं सतत जाग्रत विवेकयुक्त शक्ति का सम्मिलित परिणाम है। जब व्यक्ति संघर्ष की आंच में तपकर लोक-कल्याण के विचार को उत्तरोत्तर पुष्ट करता हुआ राम बनता है, तब रामराज्य आता है। राजगृह में जन्म लेकर, गुरुकुल में अनुशासन -संयम की छांह में अध्ययन कर और चैदह वर्ष की दीर्घ अवधि तक वन-प्रान्तर में अनेक वनजातियों एवं तपस्वियों के मध्य निवास करते हुए प्रबलतम शत्रुशक्ति पर विजय प्राप्त कर राम ने अद्भुत सामर्थ्य अर्जित की और राजपद पर अभिषिक्त होकर स्वयं को जनता जनार्दन की कल्याण-साधना के प्रति सहर्ष अर्पित कर दिया। लोक-पथ पर लोक-हित के दिव्य रथ का संचालन सीखने के लिए राम के व्यक्तित्व विकास, उनके शील-सौन्दर्य एवं शक्ति-संयुक्त स्वरूप को समझना होगा। दार्शनिक मान्यताओं के अनुसार संसार में संघर्ष सनातन है, शाश्वत है।

## अब तक संकोच के दायरे में, सोच बदलने के लिए समाज और सरकार की पहल जरूरी


माहवारी के विषय पर आज भी समाज में चर्चा से बचने की प्रवृत्ति दिखती है, जिसे बदलने के लिए सरकार व समाज, दोनों को पहल करनी होगी।हम 21वीं सदी में भले पहुंच चुके हों, पर महिलाओं की कुछ समस्याएं समाज की दकियानूसी के चलते आज भी बनी हुई हैं। इनमें से एक है, रजोनिवृत्ति से जुड़ी समस्या। मेरी बचपन की दोस्त सुनीता (काल्पनिक नाम) की शादी कुछ वर्षों पहले एक टियर-2 शहर में हुई थी। हाल ही में उसने मुझे बताया कि वह अपने दकियानूस ससुराल वालों के कारण काफी बीमार हो गई थी, जिससे अब तक उबर नहीं पाई है। मानना मुश्किल है, लेकिन उसके पति समेत ससुराल के लोग मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता को लेकर उसे सहयोग नहीं करते थे। वह बताती है कि महीने में एकाध सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने को छोड़कर उसका पति कभी



उसकी मदद नहीं करता था, जिसके चलते उसे लंबे समय तक संक्रमण से जूझना पड़ा था।यह कहानी सिर्फ सुनीता की नहीं, देश की तमाम महिलाओं की है, जो समाज की पुरानी सोच और अपने संकोच के चलते कष्ट झेलती रहती हैं। जल आपूर्ति एवं स्वच्छता सहयोग परिषद द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट की मानें, तो एक महिला को चालीस वर्ष में लगभग हर महीने अधिकतम पांच से छह दिनों तक मासिक-धर्म होता है, जो करीब 3,000 दिनों या करीब आठ वर्षों के बराबर है। हालांकि दुनिया की आधी आबादी पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है और मानव जीवन-चक्र में इसकी निर्णायक भूमिका है। इसके बावजूद माहवारी अब भी एक ऐसा विषय है, जिसकी चर्चा करना भी लोग पसंद नहीं करते। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इस संदर्भ में देश में बेहतर प्रयास हुए हैं। पहली बार केंद्र सरकार ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) के विषय को नीतिगत मुद्दा बनाया है।प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2020 में लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में मासिक धर्म से जुड़े स्वच्छता प्रबंधन के बारे में बात की। संयुक्त राष्ट्र द्वारा भी पानी और स्वच्छता तक पहुंच को मानवाधिकारों के रूप में मान्यता दी गई है। हाल ही में, सुलभ स्वच्छता मिशन फाउंडेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर एक व्यापक शोध रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें देश के दूर-दराज के इलाकों में विभिन्न समुदायों वाले 22 ब्लॉकों और 84 गांवों की 4,839 महिलाओं और बालिकाओं के नमूने शामिल किए गए।इस रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि स्कूल के शौचालयों में पानी, साबुन, स्वच्छता की कमी और दरवाजे नहीं होने की वजह से बालिकाएं मासिक धर्म के दौरान इनका उपयोग करने में झिझकती हैं। इसी कारण मासिक धर्म के चक्र से गुजरने वाली बालिकाएं एक वर्ष में करीब 60 दिन स्कूलों से अनुपस्थित रहती हैं।यही हाल निजी-सरकारी क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं का भी है। सामुदायिक मान्यताओं और वर्जनाओं को दर्शाते इस अध्ययन में देश के सात राज्यों- असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु के 14 जिलों को शामिल किया गया था।इसमें संदेह नहीं है कि मासिक धर्म के दौरान रक्त-प्रवाह को अवशोषित करने के लिए स्वच्छता उत्पादों तक बालिकाओं की पहुंच न होना एक मौलिक समस्या है, जिसे सरकारों और समाज को आसान बनाना है। सरकारें और स्वयंसेवी संस्थाएं इस ओर ध्यान दें और हर घर सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की महती योजना बनाएं। समाज को भी इसमें भागीदार बनना पड़ेगा। इसका सबसे सरल रास्ता है कि वह अपने घर की बेटियों और महिलाओं से इस बारे में खुलकर बातें करने का माहौल तैयार करें।बेहतर होगा यदि स्थानीय निकायों द्वारा हर मोहल्ले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की तर्ज पर उनके सभासदों या पार्षदों की देखरेख में हर जरूरतमंद महिला तक सेनेटरी नैपकिन की उपलब्धता को निःशुल्क मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए।

## कर्पूरी ठाकुर सच्चे जननायक थे, उनकी दृष्टि से ही प्रेरित है हमारे शासन का मॉडल

जननायक कर्पूरी ठाकुर को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों में संसाधनों का समान वितरण हो। उनके इसी विजन से प्रेरित होकर हमने एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल लागू किया है। भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज वह जरूर गौरवान्वित होते।हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं, जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं, जननायक कर्पूरी ठाकुर।आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा।वह इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल न हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वह बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ, तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वह बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो, कर्पूरी जी थे। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों में संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और अवसरों का लाभ भी मिले। जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस-विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वह राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वह श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वह स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। लोकतंत्र, बहस और विमर्श, तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थे। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था। उन्होंने आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। उन्होंने सिर्फ पिछड़ों के लिए ही नहीं, अपितु सभी वर्गों के लिए काम किया।हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देश भर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे।हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले।




## नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत

इस देश की सियासत औ? प्रशासन को परिचालित किया जा रहा है? जिस राम-कृष्ण, हनुमान को शासन के स्तर पर सेक्युलरिज्म के शोर में अछूत मान लिया गया क्या वे संविधान निर्माताओं के लिए भी अस्पृश्य थे?23 जनवरी 1897 को उडीसा के कटक में जानकीनाथ बोस और प्रभावतीदत्त बोस के घर जन्में बालक सुभाषचन्द्र बोस आज भी युवाओं के जोशीले नेताजी के रूप में भारत के तमाम नवयुवकों के हीरों हैं। जो जीवन की चुनौतियों को स्वीकारना जानते हैं। सदियों से कहावत रही है कि 'पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं' जिसका बेहतरीन उदाहरण सुभाषचन्द्र बोस हैं।भारत प्रेरणाओं वाला देश है। यहां की माटी में जन्में महापुरूषों ने न केवल भारत के नौजवानों के लिए उत्साहवर्धन का काम किया है अपितु दुनिया भर में साहस और शौर्य का प्रतीक बने हैं। भारत विविधताओं से भरी क्षमताओं वाला देश है। विपरीत परिस्थितियों से लडकर जीत हासिल करने में पारंगत लोगों की फेहरिस्त में अग्रिणी नाम है नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का, जिनके जन्म दिवस 23 जनवरी को भारत ''पराक्रम दिवस'' के रूप में मनाता है। उनकी सूझबूझ और रणनीति से प्रेरित होकर जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें नेताजी कहकर संबोधित किया। 23 जनवरी 1897 को उडीसा के कटक में जानकीनाथ बोस और प्रभावतीदत्त बोस के घर जन्में बालक सुभाषचन्द्र बोस आज भी युवाओं के जोशीले नेताजी के रूप में भारत के तमाम नवयुवकों के हीरों हैं। जो जीवन की चुनौतियों को स्वीकारना जानते हैं। सदियों से कहावत रही है कि 'पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं' जिसका बेहतरीन उदाहरण सुभाषचन्द्र बोस हैं। साहस के साथ समाज सेवा, देश प्रेम के साथ राष्ट्र भक्ति की मिशाल हैं सुभाषचन्द्र बोस। बचपन में आप जितने साहसी थे उतने ही उदार भी।कहते हैं कि ओडिशा के कटक शहर में स्थित उड़िया बाजार में प्लेग फैला हुआ था। उस इलाके में केवल बापू पाडा मोहल्ला इस बीमारी से बचा हुआ था। उसकी बडी वजह थी वहां पर मौजूद साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम। जिसे करने के लिए 10 वर्ष से 18 वर्ष के नौवयुवकों ने एक टीम बनायी हुई थी उस टीम का नेतृत्व कर रहा था 12 साल का एक बालक। इस बाजार में हैदर अली नाम के एक व्यक्ति का दबदबा था। हैदर बापू पाडा में साफ-सफाई करने वाले बच्चों को अकसर डाट फटकार कर भगा देता। उसके दुर्व्यवहार के चलते कई बार वह जेल भी जा चुका था। लोग उससे बहुत परेशान थे। कुछ समय बाद हैदर के बेटे और पत्नी को भी प्लेग हो गया यह खबर सुनते ही अभियान दल का मुखिया हैदर की मदद में जुट गया। जबकि लोग उससे दूर भागने लगे। हैदर के मन में उस बालक के सेवाभाव को देखकर और स्वयं के किए गए बर्ताव को देखकर आत्मगिलानी का भाव उत्पन्न हो गया और उसका हृदय परिवर्तन हो गया। हैदर का हृदय परिवर्तन करने वाला वह असाधारण बालक और कोई नहीं बल्कि सुभाषचन्द्र बोस ही थे। जिनमें नेतृत्व में कमाल की शक्ति थी कि बडे से बडे सूरमा भी परास्त हो जाते थे। बडे होकर अंग्रेजों को नाकों चने चबवाने का काम सुभाषचन्द्र बोस ने बाखूबी किया।जीवन की जटिलताओं को सरल बनाने का साहस जैसा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस में दिखाई देता है ऐसा कम ही देखने को मिलता है। आज भी भारतीय युवाओं में सिविल सेवा की परीक्षा को पास करने के जज्बे पर नेताजी को देखा जा सकता है। आप ने वर्ष 1919 में भारतीय सिविल सेवा ''आई.सी.एस.'' की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में इस्तीफा देकर देश की आजादी के सपने को सच करने के मिशन में लग गए। सुभाषचन्द्र बोस अपने आध्यात्मिक गुरू विवेकानन्द जी को एवं राजनीतिक गुरू चितरंजन दास को मानते थे। सन् 1921 में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने चितरंजन दास की स्वराज पार्टी द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र 'फारवर्ड' के सम्पादन का कार्यभार संभाला।भारत पूर्ण स्वराज के साथ दुनिया से नजरें मिलाए यह सपना नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का था। ऐसे कई मौके आए जब नेताजी ने भारत की गुलामी की जंजीरों को पिघलाने की कोशिश की। कभी जेल गए तो कभी ब्रिटिश हुकूमत को आसानी से चकमा देकर अपने सीक्रेट मिशन को पूरा करने में सफल रहे। वो जब तक रहे अंग्रेजी हुकूमत को चैन से सोने न दिया। भारत में आजादी का दिन 15 अगस्त 1947 के दिन के रूप में दर्ज है लेकिन आजादी के इस दिन से लगभग 4 साल पहले ही नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने हिन्दुस्तान की पहली सरकार का गठन कर दिया था।21 अक्टूबर सन 1943 का दिन इतिहास कभी न भुला पाएगा, जब भारत पर अंग्रेजी हुकूमत थी और नेताजी ने सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार की स्थापना कर डाली थी। नेताजी का यह कदम अंग्रेजी सरकार को यह बतलाने के लिए पर्याप्त था कि भारत में उनकी सरकार का कोई अस्तित्व नहीं रह गया है भारतीय अपनी सरकार चलाने में सक्षम है। आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति के तौर पर सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी। जिसे 9 देशों ने मान्यता दी जिसमें जर्मनी, फिलीपींस, जापान जैसे देश शामिल थे।




## संविधान में हैं २२ चित्र जिसमें हैं राम कृष्ण हनुमान, बुद्ध इसलिए अनूठा है भारत

जाहिर है सवाल यह है कि क्या पिछले 45 साल से संविधान की विकृत व्याख्या के जरिए इस देश की सियासत औ? प्रशासन को परिचालित किया जा रहा है? जिस राम-कृष्ण, हनुमान को शासन के स्तर पर सेक्युलरिज्म के शोर में अछूत मान लिया गया क्या वे संविधान निर्माताओं के लिए भी अस्पृश्य थै आज का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है और इसके पीछे की वजह है राम मंदिर का बनकर तैयार होना। हर किसी की नजरें अयोध्या की तरफ है, लेकिन इस बीच आपके लिए संविधान से जुड़े कुछ तथ्यों के बारे में जानना भी जरूरी हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि संविधान में 22 चित्र ऐसे हैं, जिनमें से एक भगवान श्रीराम का भी है। इसके अलावा राम के प्रिय भगवान हनुमान का भी चित्र भारत के संविधान में हैं।संविधान में हैं 22 चित्र जिसमें हैं राम कृष्ण, हनुमान, बुद्ध इसलिए अनूठा है भारतआज का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है और इसके पीछे की वजह है राम मंदिर का बनकर तैयार होना। हर किसी की नजरें अयोध्या की तरफ है, लेकिन इस बीच आपके लिए संविधान से जुड़े कुछ तथ्यों के बारे में जानना भी जरूरी हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि संविधान में 22 चित्र ऐसे हैं, जिनमें से एक भगवान श्रीराम का भी है। इसके अलावा राम के प्रिय भगवान हनुमान का भी चित्र भारत के संविधान में हैं। तो चलिए जानते हैं इस बारे में विस्तार से. हम मूल संविधान की प्रति उठाकर पन्नों को पलटते हैं तो हमें उसके अंदर सुविख्यात चित्रकार नन्दलाल बोस की कूची से बनाए हुए कुल 22 चित्र नजर आते हैं। इन चित्रों के आधार पर ही हम समझ सकते हैं कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन और मस्तिष्क में कैसे आदर्श भारतीय समाज की परिकल्पना रही होगी। इन चित्रों की शुरुआत मोहनजोदड़ो से होती है और फिर वैदिक काल के गुरुकुल, महाकाव्य काल के रामायण में लंका पर प्रभु राम की विजय,गीता का उपदेश देते श्री कृष्ण,भगवान बुद्ध भगवान महावीर,सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार,(मौर्य काल), गुप्त वंश की कला जिसमें हनुमानजी का दृश्य है, विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय, उड़िया मूर्तिकला,नटराज की प्रतिमा, भागीरथ की तपस्या से गंगा का अवतरण,मुगलकाल में अकबर का दरबार, शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह ,टीपू सुल्तान और महारानी लक्ष्मीबाई,गांधी जी का दांडी मार्च,नोआखली में दंगा पीड़ितों के बीच गांधी,नेताजी सुभाषचंद्र बोस,हिमालय का दृश्य,रेगिस्तान का दृश्य,महासागर का दृश्य शामिल है।इन 22 चित्रों के जरिए भारत की महान परम्परा की कहानी बयां की गई है। इनमें राम कृष्ण,हनुमान, बुद्ध, महावीर,विक्रमादित्य, अकबर,टीपू सुल्तान, लक्ष्मीबाई, गांधी,सुभाष,क्यों है क्या केवल संविधान की किताब को कलात्मक कलेवर देने के लिए ?शायद बिल्कुल नही। असल में यह चित्र भारत के लोकाचार और मूल्यों का प्रतिनिधित्व देने के लिए नन्दलाल बोस से बनवाए गए। यही चित्र संविधान की इबारत के जरिए शासन और सियासत के अभीष्ट निर्धारित किए गए थे।सवाल यह है कि इन्ही 22 चित्रों में नन्दलाल बोस ने रंग क्यों भरा है संविधान की पुस्तक में इसका बहुत ही सीधा और सरल जवाब यही है कि ये सभी चित्र भारत के महान सांस्कृतिक जीवन और विरासत के ठोस आधार है ये सभी चित्र भारत की अस्मिता के प्रमाणिक अवसरों के दस्तावेज हैं है कि पिछले कुछ दशकों ने भारतीय संविधान निर्माताओं की भावनाओं के उलट देश के शासनतंत्र और चुनावी राजनीति के माध्यम से भारत के लोकजीवन को धर्मनिरपेक्षता के शोर से दूषित करने का प्रयास किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सांय काल विन्ध्याचल मन्दिर, कालीखोह, अष्टभुजा, रामेश्वर मन्दिर एवं तारा मन्दिर पर आयोजित किया गया में वृहद दीपोत्सव कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** 22 जनवरी 2024- तीर्थ धाम अयोध्या में आज भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन आयोजित समारोह के दौरान अयोध्या के साथ-साथ जनपद मीरजापुर में पूरा उत्साह का माहौल देखा गया प्राण प्रतिष्ठा के बाद मं गंगा नदी के किनारे समस्त घाटो पर भी नगरवासियों, स्वंय सेवी संगठनो, जिला प्रशासन व नगर निकायो के द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ विन्ध्याचल मन्दिर, अष्टभुजा मन्दिर, कालीखोह मन्दिर, रामेश्वर मन्दिर एवं तारा मन्दिर




पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विन्ध्याचल मन्दिर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र व अध्यक्ष विन्ध्य पण्डा समाज पंकज द्विवेदी के साथ मन्दिर पर दीप जलाये गये। इस अवसर मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर को भी दीप जलाकर सजाया गया तथा आकर्षक फूलो व झालरो से मन्दिर को सजाया गया। विन्ध्याचल में दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत आज कुल मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर पर 5100, मां कालीखोह मन्दिर 1100, मां अष्टभुजा मन्दिर 1100, रामेश्वर मन्दिर 1100 एवं तारा मन्दिर पर 2100 दीप जलाकर सजाया गया तो ऐसा प्रतीत हुआ कि सारे सितारे आसमा से स्वंय जमी पर आ गये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# सांसद आपके द्वार का कार्यक्रम जेवर क्षेत्र में हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के दौरान जेवर विधानसभा के श्री द्रोणाचार्य डिग्री कालेज दनकौर नगर, घरबरा, जगनपुर, मुरषदपुर दनकौर, अट्टा गुजरान, औरंगपुर, गुनपुरा, उस्मानपुर, डेरीन , दनकौर, पारसौल, भट्टा, सक्का, नगर पंचायत दनकौर में ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं उ0 प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे जनता के बीच पुछा कि जितनी भी केन्द्र एवं प्रदेष की योजनायें चल रही है वह मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। वहां पर उपस्थित नागरिको ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ मिल लगभग मिल रहा है। हम इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते है। जिला पंचायत द्वारा भी इस क्षेत्र का विकास कराया गया है एवं कई योजनाओं से भी इस क्षेत्र में विकास हुआ है। कल हुये आयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा जो इतनी भव्य एवं अलौकिक थी जिसको पूरे देष ही नही बल्कि विष्व ने भगवान श्रीराम के इस आयोजन को लाईव देखा और अपने को बहुत ही सौभाग्यषाली माना कि आज हम भव्य एवं दिव्य आयोजन के



साक्षी बने। मेरी ओर से आपसभी को इस भव्य आयोजन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभमकानाएं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आहवान को आपने माना और कल दीवाली से भी बड़ी दीवाली मनाई और अपने-अपने घर पर ज्योति जलाकर भगवान श्रीराम के आगमन का स्वागत किया। आपसभी का मुझे सदैव आषीर्वाद मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा हम और सरकार मिलकर इस क्षेत्र के विकास में लगे है जो कार्य हो चुके है और जो कुछ कार्य बाकी है वह भी जल्द ही पूर्ण होगे। जेवर क्षेत्र का विकास बहुत ही तेजी से आगे बढ़ रहा है क्योकि एषिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है जल्द ही इसका शुभ आरंभ भी किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक विशाल जनसभा जो मेरी लोकसभा गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के सिकन्द्राबाद विधानसभा में होगी जिसमें प्रधानमंत्री सभी को संबोधित करेंगे जिसमें करोडो रूपये की परियोजनाओं का भी घोषणा करेंगे । आप सभी अधिक से अधिक जनसंख्या में पहुंचकर प्रधानमंत्री का उदबोधन सुने एवं विकसित भारत के लिए अपना योगदान दे। इस कार्यक्रम के दौरान पंकज कौषिक, हरिदत्त शर्मा, अतुल प्रधान, सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा, जय प्रकाष नागर, बलराज नागर, ओमकार भाटी, नयनवीर सरपंच, सतवीर ठेकेदार, अलाउद्दीन, राहुल, सुमित पंडित, नवीन शर्मा आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# खुशहाल परिवार दिवस में दिया 'छोटा परिवार सुखी परिवार' का संदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा जनपद में मंगलवार को खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों पर दम्पति को परिवार नियोजन के लाभ के बारे में जानकारी के साथ परिवार नियोजन के साधनों (बास्केट ऑफ च्वॉइस) की सुविधा प्रदान की गई और उन्हें छोटा परिवार-सुखी परिवार का संदेश दिया गया। खुशहाल परिवार दिवस हर महीने की 21 तारीख को मनाया जाता है, लेकिन इस बार 21 को रविवार और 22 को अवकाश होने के कारण इसे 23 तारीख को मनाया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मंजीत कुमार ने बताया- शासन से मिले निर्देशों के मुताबिक इस आयोजन का उद्देश्य हाई रिस्क प्रेगनेंसी, एक वर्ष के दौरान शादी करने वाले दंपति और तीन या उससे अधिक बच्चों वाले दंपति को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देना और उनकी इच्छा के मुताबिक उन्हें जरूरी साधन



उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया खुशहाल परिवार दिवस में दो बच्चों के जन्म के बीच तीन वर्ष का सुरक्षित अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक साधन, इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (आईयूसीडी) और पोस्ट पार्टम इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (पीपीआईयूसीडी) की सुविधा मुहैया कराई गई। परिवार पूरा कर चुके योग्य दंपति को परिवार नियोजन के स्थाई साधन (नसबंदी) अपनाने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया- खुशहाल परिवार दिवस में आशा कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसमें लक्षित समूह की चिन्हित महिलाओं को स्वास्थ्य केन्द्रों पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं, ताकि उनको विस्तार से परिवार नियोजन साधनों के बारे में जानकारी मुहैया कराई जा सके। आशा-एएनएम घर-घर तक परिवार नियोजन सेवाओं की जानकारी पहुंचा रही हैं और दो बच्चों के जन्म के बीच सुरक्षित तीन वर्ष के अंतर का महत्व भी बता रही हैं। उन्होंने बताया दो बच्चों के जन्म के बीच सुरक्षित अंतर मां और शिशु, दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

# गोपाल की चौपाल में ग्रामवासियों को बताया मोदी सरकार की उपलब्धियां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** खुर्जा विधानसभा के अंतर्गत दो गांवों में ठगोपाल की चौपालठ का आयोजन कर ग्रामीणों को मोदी सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय पर अपना भरोसा बनाए रखिए। भाजपा प्रवक्ता ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा को जीताने के लिए जन समूह से आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने ग्रामवासियों को नमो सेवा केंद्र की जानकारी देते हुए कहा कि नमो सेवा



प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने खुर्जा विधानसभा के अंतर्गत सारंगपुर, सौदा हबीबपुर गांव का दौरा किया।गोपाल की चौपालठ कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा अगर 2047 तक आपको विकसित भारत देखना है तो उसके लिए तीसरी बार मोदी सरकार को चुनिए और मोदी की गारंटी केंद्र आप लोगों की सुविधा के लिए खुला है। यहां पर आप जाकर निशुल्क में किसी भी सरकारी योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उससे जुड़ सकते हैं।इस अवसर पर मुनेंद्र चोधरी, चन्द्रभान सिंह, योगेश सिंह, भानु प्रताप सिंह, राकेश प्रधान, विजेंद्र राघव एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** युवाओं के प्रेरणा स्तम्भ है नेताजी सुभाष-प्रमोद गुप्ता अंडमान निकोबार में तिरंगा फहराया था-मंगल सिंह आर्य समाज लाहौर ने किया था नेताजी का अभिनंदन-प्रवीण आर्य नोएडा गाज़ियाबाद युवा व्यापारी नेता प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में कम्पनी बाग,घंटाघर में नेताजी सुभाष चन्द की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि। युवा व्यापारी नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस युवाओं के प्रेरणा स्रोत्र रहे उन्होंने आजादी की लड़ाई को आम जन से जोड़ने का कार्य किया।जिससे उसने विशाल क्रांति का रूप ले लिया। चौधरी मंगल सिंह ने कहा कि 30 जून 1943 को ही नेताजी सुभाष ने



अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में तिरंगा फहरा दिया था और स्वतंत्रता की घोषणा कर दी थी, विदेश में जाकर हिटलर से मिलना और आजाद हिंद फौज की स्थापना करना विस्मयकारी कार्य था जिसकी कल्पना भी मुश्किल है। योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

# गौतमबुद्धनगर की आरती सिंह और प्रिंस कुमार में प्रदेश में किया जिले का नाम रोशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा भारतीय बौद्ध महासभा की युवा एवम् बाल विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ग्राम निठारी स्थित लिया था। प्रथम स्थान प्राप्त करने समिति के सदस्यों ने आरती सिंह को 10000 रुपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दोनो बच्चों को सम्मानित करते हुए स्कूल



बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा आरती सिंह ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रिंस ने छठा स्थान प्राप्त किया। डॉ आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2023 जूनियर एवम् सीनियर वर्ग में 36 जनपदों के 125 परीक्षा केंद्रों पर 18 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा के प्रधानाचार्य राजेश अंबावता ने कहा की आज बच्चों ने अपने साथ साथ विद्यालय का भी नाम प्रदेश भर में रोशन किया है। एक छोटे से गांव में पढ़े बढ़े इन बच्चों ने अपने संघर्ष से यह मुकाम हासिल किया और निश्चित ही अपनी प्रतिभा से भविष्य में एक बड़ा मुकाम हासिल करेंगे।

# हर स्वास्थ्य केन्द्र पर परिवार नियोजन के साधनों के बारे में किया गया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया- गत माह 21 दिसम्बर-2023 को मनाये गये खुशहाल परिवार दिवस में आशा कार्यकर्ताओं की ओर से नवदम्पति के 266 प्री रजिस्ट्रेशन किये गये। इस दिवस पर 211 महिलाओं को गर्भ निरोधक गोली छाया, 273 महिलाओं को माला एन प्रदान की गईं। इसी तरह ऐसे दम्पति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं, उनके आशा कार्यकर्ताओं की ओर से 243 प्री रजिस्ट्रेशन किये गये। इस समूह वर्ग में तीन महिलाओं ने पोस्ट पार्टम इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (पीपीआईयूसीडी) और 57 महिलाओं ने इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (आईयूसीडी) अपनाई, जबकि 217 महिलाओं ने छाया और 153 महिलाओं ने माला एन की मांग की। इसके अलावा ऐसे दम्पति जिनके एक या दो बच्चे हैं, उन्होंने खुशहाल परिवार दिवस में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इनमें 20 महिलाओं ने आईयूसीडी अपनाई, जबकि 75 महिलाओं को छाया और 113 महिलाओं को माला एन प्रदान की गई। इस मौके पर पुरुषों को भी परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करते हुए 2526 कंडोम वितरित किये गये।

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने आयोजित किया दीपोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भारतवर्ष के गौरवपूर्ण दिवस सोमवार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के



भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा दिवस के इस ऐतिहासिक पल पर श्री सुनील गुप्ता जी (प्रदेश उपाध्यक्ष,एन.सी.आर. अध्यक्ष एवम चेयरमैन नोएडा ) की अध्यक्षता में गंगा शॉपिंग कंपलेक्स सेक्टर 29 में दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया! इस दीपोत्सव समारोह में संस्था के सदस्यों के साथ विभिन्न मार्केट के अध्यक्ष, महासचिव समेत शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायिक हस्तियों समेत तकरीबन 300 लोगों ने समारोह में भागीदारी ली! इस समारोह में महिला विंग द्वारा फूलों एवं रंगों से विभिन्न रंगोलिया को तैयार किया गया, व्यापार मंडल के सदस्यता प्रमाणपत्र का वितरण किया गया, प्रभु श्री राम के भक्तिमय संगीत के साथ 1100 से ज्यादा दीप प्रज्वलन कर ढोल नगाड़ों के के साथ झूमते गाते प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद वितरण करते हुए इस समारोह का आनंद लिया! इस समारोह मैं संजय जैन अध्यक्ष, सुधीर पोरवाल महासचिव, नरेश बंसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र चोपड़ा उपाध्यक्ष, डॉ वी के गुप्ता सुमित्रा हॉस्पिटल, रविकांत मिश्रा, राजकुमार अग्रवाल एवरग्रीन, सुरेश गुप्ता, विकास बंसल, संजय गुप्ता रामाज्ञा ग्रुप, गुड्डू यादव, जितेंद्र अंबावत, रमाकांत गर्ग, मनोज गुप्ता, फूल सिंह यादव, विक्रम सेठी, सुरेंद्र गर्ग, गोविंद अग्रवाल, राहुल भाटिया, अमित पोरवाल, कुम्मु जोशी भटनागर, सीमा रावत, आशा पोद्दार, रेनू बाला शर्मा, इंदु यादव, उषा थापा, वंदना शर्मा, अंजू चौहान, निमिषा नेगी, मंजू शर्मा, समेत व्यापार मंडल के अन्य सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने इस समारोह में हिस्सा लिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाये गये स्टालो के माध्यम से विभिनन योजनाओं के पात्र लाभार्थियो का कराया गया पंजीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** 22 जनवरी 2024- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 21.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में जनपद के 03 विकास खण्डों के कुल 06 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड लालगंज के ग्राम पंचायत राजापुर, लहंगपुर, विकास खण्ड नरायनपुर में ग्राम मीरजापुर, घाटमपुर, विकास खण्ड पहाड़ी के ग्राम पंचायत रानी चैकिया, तोसवा, में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित हुआ। जनपद के 06 ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बन्धित नामित नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में की गयी। सभी 06 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा 05 स्टाल लगाये गये, उन स्टालों पर प्रदर्शन के साथ ही उपस्थित जन समूह को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी तथा आन स्पाट पंजीयन आनलाइन आवेदन की कार्यवाही की गयी।



